तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

11 ठेकेदार की सुस्ती से अटका अटल परिसर...

11 36 वर्षों की साधना को मंच ने किया सलाम...




## खबर संक्षेप



### 7.5 लीटर बीयर जब्त एक कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** आमाबेड़ा थाना की पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम गेड़गांव रोडपारा निवासी 33 वर्षीय हरेश नाग पिता स्व. बीरसिंह नाग के कब्जे से 15 नग केन बीयर जब्त की है। तलाशी के दौरान घर के एक कमरे में प्लास्टिक की बोरी में रखी 15 नग बीयर बरामद किया। जप्त अंगेजी शराब कुल 7 लीटर 500 एमएल थी, जिसकी कीमत लगभग 3 जार 750 रुपए आंकी गई। कोचिया के विरुद्ध धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया में लिया गया।

### सरोना महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**सरोना।** शाहिद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर से संबद्ध शासकीय महाविद्यालय सरोना साल्हेभांट जिला कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार बीए, बीएससी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों से 16 जून से 24 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने का मौका दिया गया है।

### कांकेर में आज से तीन दिनी छायाचित्र प्रदर्शनी

**कांकेर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा आगामी 18 से 20 जून तक केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके शुभारंभ अवसर पर 18 जून को वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय कांकेर के नया बस स्टैण्ड के समीप साप्ताहिक बाजार स्थल पर निर्मित डोम में तीन दिवसीय प्रदर्शनी अवलोकनार्थ आयोजित की जाएगी। प्रथम दिवस अपरान्ह 2.30 बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा।

### ई-केवायसी 30 तक करवाने का है मौका

**कांकेर।** राज्य शासन के द्वारा समस्त हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवायसी कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित समस्त महिलाओं का ई-केवायसी कराया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजनांतर्गत लाभार्थी महिलाओं से निकट के कॉमन सर्विस सेंटर या संबंधित ग्राम पंचायत में वीएलई के माध्यम से ई-केवायसी आगामी 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने की अपील की है।

# कांदाड़ी में बदमाशों ने नावों को किया क्षतिग्रस्त व कुछ को सितरम नदी में डुबाया

*बरसात के मौसम में जहां ग्रामीणों के लिए नावें जीवनरक्षक साधन साबित होती हैं, वहीं ग्राम कांदाड़ी में कुछ शरारती तत्वों द्वारा इन्हीं नावों को नुकसान पहुंचाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने कई नावों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जबकि कुछ नावों को सितरम नदी के लगभग 350 फीट गहरे चमत्कारी कुंड में डुबो दिया गया है। इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि आने वाले मानसून में आवागमन और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

ग्रामीण प्रभु जाड़े, सुंदर लाल जाड़े और मंगल सिंह जाड़े ने बताया कि गांव में नावें केवल परिवहन का साधन नहीं हैं, बल्कि लोगों की जरूरत और मजबूरी दोनों हैं। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लगातार नावों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक और सामाजिक दोनों प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण बारसू पद्दा और मानू मंडावी ने बताया कि सितरम नदी पर आज तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। बरसात के दिनों में नदी उफान पर आ जाती है, जिसके कारण आसपास के सैकड़ों गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से कट जाता है। ऐसे समय में नाव ही लोगों के आवागमन का एकमात्र सहारा बनती है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं, सर्पदंश के शिकार मरीजों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए इन्हीं नावों का उपयोग किया जाता है।

ग्रामीण अजय पद्दा और बैजू राम पद्दा ने बताया कि एक 18 फीट लंबी नाव तैयार करने में कई महीनों की मेहनत, कुशल कारीगरी और काफी खर्च लगता है। इसके बावजूद यदि नावों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जाए तो यह पूरे गांव के लिए बड़ी समस्या बन जाती है। उन्होंने कहा कि नावों के क्षतिग्रस्त होने से बरसात के दौरान ग्रामीणों की सुरक्षा और आवागमन दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

**दोषियों पर कार्रवाई, नावों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग**



पुल नहीं होने से आपातकालीन परिस्थितियों में नाव ही होता है गुजारा

**कार्रवाई की माँग**

*ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों की पहचान करने, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा नावों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मानसून के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।*

## हादसा : तेंदुए के डर से घरों में कैद हुए ग्रामीण, शाम ढलते ही सन्नाटा

# गट्टागुड़ुम में घर में तेंदुए ने बुजुर्ग महिला व ग्रामीण पर किया हमला, गांव में दहशत

*दुधावा क्षेत्र के ग्राम गट्टागुड़ूम में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बीते दिनों तेंदुए ने अलग-अलग घटनाओं में दो ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सबसे चिंताजनक बात यह है कि दोनों हमले घर के भीतर हुए, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल गहरा गया है। लगातार हो रही घटनाओं के बाद लोगों ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने तथा आबादी क्षेत्र से दूर हटाने की मांग की है।*

**तेंदुआ ने पहले बुधन उईके को घर में घुसकर निशाना बनाया फिर दो दिन बाद ग्रामीण पर किया घायल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुधावा

जानकारी के अनुसार ग्राम गट्टागुड़ूम निवासी 65 वर्षीय बुधन उईके 15 जून को अपने घर में मौजूद थीं। इसी दिन एक तेंदुआ अचानक बुधन उईके के घर में घुस आया और उन पर हमला कर दिया। तेंदुए के पंजे के वार से उनके सिर में चोट आई। परिजन और आसपास के लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग निकला। घटना के बाद घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। इस घटना के दो दिन बाद गट्टागुड़ुम से दूसरी घटना सामने आई, जिसमें ग्रामीण 57 वर्षीय धनेश कुंजाम रात्रि में अपने घर में विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान तेंदुआ घर में घुस गया और उनके हाथ पर पंजा मारकर घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से धनेश कुंजाम घबरा गए और शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्हें भी उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, तेंदुए की निगरानी के लिए विशेष टीम तैनात करने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल पूरे गांव में तेंदुए के आतंक को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण वन विभाग की अगली कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

**वन अमले की तेंदुए की हर गतिविधि पर पैनी नजर**

**खबर मिलते ही पहुँचा वन अमला**

*वन रक्षक मुन्ना शोरी सहित वन अमले ने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। वन विभाग द्वारा तेंदुए की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने, रात में अकेले बाहर नहीं निकलने तथा जंगल की ओर जाने से बचने की सलाह दी है।*



रेस्क्यू की तैयारी तेज

**रात को लोगों ने कई बार तेंदुए को गांव के नजदीक देखा**

*ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गांव के आसपास तथा जंगल से लगे इलाकों में तेंदुए की आहट सुनाई दे रही थी। रात के समय लोगों ने कई बार तेंदुए को गांव के नजदीक घूमते हुए भी देखा है। अब जब उसने घरों में घुसकर हमला करना शुरू कर दिया है, तब ग्रामीणों में भय का माहौल और अधिक बढ़ गया है। लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं तथा बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाहर भेजने से बच रहे हैं।*

**तेंदुआ पकड़ने लगाई गुहार**

*सरपंच जागेश्वर नेताम, तुलसी राम यादव, नंदलाल सलाम, रमेश उईके तथा कैलाश कुंजाम सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल गांव में पिंजरा लगाने और तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ आसपास के अन्य गांवों में भी दिखाई दे रहा है, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है।*

**वन विभाग रख रहा हर गतिविधि पर नजर**

*वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया कि गट्टागुड़ूम एवं आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए की गतिविधियों पर वन विभाग लगातार निगरानी रखे हुए है। वन अमला प्रभावित क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहा है और तेंदुए की मूवमेंट पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारी की जा रही है। लोगों से सतर्क रहने और वन विभाग के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।*

## युवतियों से छेड़छाड़ के आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

**कांकेर।** शहर कांकेर के आमापारा क्षेत्र में दुकान से काम करके अपने घर जाने वाली युवतियों का पीछा करके लगातार परेशान करने वाले युवक को महिला रक्षक टीम ने खबर मिलते ही दबोचा और आरोपी के



खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार 16 जून को महिला रक्षा टीम आमापारा क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली कि कुछ युवतियां दुकान में कार्य समाप्त कर अपने घर लौट रही थीं, जिन्हें एक अज्ञात युवक लगातार परेशान कर रहा था। जानकारी मिलते ही महिला रक्षा टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया। शिकायत एवं पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि आरोपी 27 वर्षीय राजकुमार कोमरा पिता रतिराम कोमरा निवासी श्रीराम नगर युवतियों को परेशान कर सार्वजनिक शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 170 तथा धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने का आदेश दिया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला रक्षक टीम ने एक बार फिर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई का परिचय दिया।

**कार्रवाई टीम में यह रहीं शामिल**

*इस कार्रवाई में एएसआई शशिकला साहू सहित महिला रक्षा टीम के प्रधान आरक्षक अनीता नेताम, महिला आरक्षक टीकेश्वरी साहू, महिला आरक्षक शांति ठाकुर, महिला आरक्षक दिव्या वट्टी, महिला आरक्षक साधना गागड़ा, महिला आरक्षक बालेश्वरी नेताम, महिला आरक्षक पुष्पा कावड़े, महिला आरक्षक उमा गोटी एवं महिला आरक्ष संगीत ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

## ग्राम पटेल संघ की बैठक में अधिकार और समस्याओं किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तहसील स्तरीय राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक बुधवार को गोंडवाना भवन सिंगारभाट में आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पटेलों से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक, राजस्व एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ पदाधिकारियों एवं ग्राम पटेलों ने राजस्व कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ ग्राम पटेलों की समस्याओं के समाधान एवं अधिकारों को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। आयोजित बैठक के दौरान राजस्व ग्राम पटेल संघ तहसील कांकेर अंतर्गत रिक्त पड़े ग्राम पटेल पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर चर्चा की गई। साथ ही लगान वसूली कार्य को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा इस कार्य से जुड़े कमीशन संबंधी विषयों पर भी विचार रखा गया। ग्राम पटेलों ने अपने कार्यों के बेहतर संचालन के लिए परिचय पत्र जारी किए जाने और राजस्व पटेलों के



लिए अधिकृत सील-पैड उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम पटेल शासन और ग्रामीणों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं, इसलिए उनके कार्यों को पहचान और सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा ग्राम स्तर पर राजस्व कार्यों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर संघ के वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। जानकारी के अनुसार संघ की वार्षिक आय 6,400 रुपये रही, जबकि 5,315 रुपये व्यय किए गए।

### फांसी लगाने से युवती की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 84 शंकर नगर निवासी 17 वर्षीय रिम्पा दास पिता अशोक दास ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 16 जून को दोपहर 12 से ढाई बजें के मध्य फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया, पुलिस को अभी तक फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पीएम सम्मान निधि की किस्त 20 को होगी जारी

**कांकेर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किश्त 20 जून को किसानों के खातों में जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअली माध्यम से पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से पीएम-किसान योजना की 23 वीं किश्त अप्रैल से जुलाई 2026 तक की अवधि के लिए जारी की जाएगी। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के विभागीय अधिकारियों से कृषि विज्ञान केंद्र केवीके स्तर, ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, मंडियों तथा अन्य उपयुक्त स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित सुनिश्चित करने कहा है ताकि अधिक से अधिक कृषक लाइव वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़ सकें।

## घर के सामने से बाइक की चोरी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम कानापोड में अज्ञात चोरों ने एक घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। रात तक सुरक्षित खड़ी दिखाई देने वाली बाइक सुबह गायब मिलने से वाहन मालिक के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने चारामा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कानापोड निवासी 47 वर्षीय ओंकार प्रसाद साहू पिता कुमार सिंह साहू ने पुलिस को बताया कि गांव में हार्डवेयर की हैं। मैं 15 जून की दोपहर लगभग 3 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडी 4687 को घर के सामने बने शेड में खड़ा किया था। रात करीब 11 बजे



तक उन्होंने वाहन को वहीं सुरक्षित खड़ा देखा था, जिसके बाद वे सोने चले गए। अगली सुबह 16 जून को करीब 8 बजे जब घर के बाहर निकले, तब देखा कि मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर उन्होंने आसपास के लोगों और पड़ोसियों से पूछताछ की तथा अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित का कहना है कि रात और सुबह के बीच किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर मोटरसाइकिल चोरी कर ली।

## महाराणा प्रताप की जयंती राजपूज समाज ने मनाई व किया माल्यार्पण

### महाराणा प्रताप के बलिदान और राष्ट्रभक्ति को समाज ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वीरता, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर बुधवार को कांकेर में क्षत्रिय समाज द्वारा श्रद्धा, सम्मान एवं सादगी के साथ उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा प्रसाद वितरण कर उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया और राष्ट्र की स्वतंत्रता तथा गौरव की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका व्यक्तित्व आज भी युवाओं को साहस,



कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की प्रेरणा देता है। जयंती समारोह में समाज के वरिष्ठ एवं युवा वर्ग की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं महाराणा प्रताप के आदर्शों को समाज में प्रसारित करने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थितजनों ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके आदर्श सदैव आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### गर्मी से राहत, नर्सरी तैयार करने मक्के की बोआई के लिए अनुकूल

# मानसून पूर्व अंचल में हल्की बारिश से मौसम हुआ सुहाना

*भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को बुधवार शाम मौसम ने बड़ी राहत दी। प्री-मानसून की पहली बारिश के ठीक एक सप्ताह बाद हुई हल्की फुहारों ने जहां तापमान में गिरावट लाकर मौसम को सुहावना बना दिया, वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बदलते मौसम में सतर्क रहने की सलाह भी दी है। कई दिनों से तपिश और चिपचिपी गर्मी से परेशान लोगों ने बारिश का खुलकर स्वागत किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दरअसल, पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे। सुबह के समय आसमान में काले बादल छा जाते थे और हवा में नमी का स्तर लगातार बढ़ रहा था। हालांकि कुछ ही देर बाद बादल छंट जाते और तेज धूप निकल आती, जिससे उमस और अधिक बढ़ जाती थी। धूप और नमी के इस मिश्रण ने लोगों को काफी परेशान किया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वातावरण में बढ़ी नमी और स्थानीय स्तर पर बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण बुधवार शाम हल्की बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई। शाम के समय मौसम खुशनुमा हो गया और बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही भी बढ़ गई। मौसम के इस उतार-चढ़ाव का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। चिकित्सकों का कहना है कि तापमान में अचानक बदलाव और अत्यधिक नमी बैक्टीरिया एवं वायरस के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है। ऐसे समय में वायरल बुखार, सर्दी-खांसी, गले के संक्रमण तथा पेट संबंधी बीमारियों के मामले बढ़ने लगते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने, पर्याप्त पानी पीने और मौसम के अनुरूप सावधानी बरतने की अपील की है।

**बदली-बारिश से हवा की आद्रता बढ़ी जो सेहत के अनुकूल नहीं**



**किसानों के चेहरों पर चमक**

*यह समय खरीफ की फसलों, विशेषकर धान की नर्सरी तैयार करने और मक्के की बुवाई का है। प्री-मानसून के बाद खेतों में जो थोड़ी कड़कपन आ गई थी, इस बारिश की नमी से वह दूर हो जाएगी। अब किसान खेतों की जुताई आसानी से कर सकेंगे। हवा में तैर रहे धूल के कण और प्रदूषण के तत्व बारिश की बूंदों के साथ जमीन पर बैठ गए हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।*

**हल्की बारिश के बाद बढ़ सकती है उमस**

*जिले में हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन आने वाले दिनों में उमस बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है। मौसम जानकारों के अनुसार बारिश अधिक नहीं होने के कारण जमीन में मौजूद नमी तेज धूप पड़ने पर भाप बनकर वातावरण में फैल सकती है, जिससे उमस का स्तर बढ़ जाएगा।*

**खबर संक्षेप**

### तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर का आयोजन आज से

कोण्डागांव। जिले के कोण्डागांव, फरसगांव और केशकाल राजस्व अनुभागों में 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के'' कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए नए पंजीकरण, दस्तावेजों में त्रुटि सुधार तथा अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। प्रशासन ने पात्र हितग्राहियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने और लंबित समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है।

### 24 जून को सभी ग्राम पंचायतों में होगी ग्रामसभा

कोण्डागांव। जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं आश्रित ग्रामों में 24 जून को ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2024 सर्वे सूची का सत्यापन एवं अनुमोदन किया जाएगा। साथ ही स्थायी प्रतीक्षा सूची को भी मंजूरी दी जाएगी। बैठक में ग्राम पंचायत के वार्षिक बजट, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों तथा उनकी प्रगति की समीक्षा की जाएगी। शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी चर्चा होगी। ग्रामसभा में विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा होगी।

# बीमार तेंदुआ गांव में घुसा, घर के बाहर घंटों बैठा रहा, ग्रामीणों में रही दहशत

## गांव में रहा कर्फ्यू जैसा माहौल, रायपुर की टीम ने रेस्क्यू कर तेंदुआ को किया काबू में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

ब्लॉक के ग्राम सिलाटी में 17 जून सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक तेंदुआ गांव के एक मकान के सामने आकर बैठ गया। तेंदुए को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और कई लोगों ने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया। गांव में इस दौरान कर्फ्यू जैसा माहौल रहा। तेंदुए के गांव के अंदर आने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम डीएफओ दिव्या गौतम की अगुवाई में मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया। मामले के गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने रायपुर की टीम को इसकी जानकारी दी। बड़ी मशक्कत के तेंदुए को काबू में लिया गया। बीमार तेंदुए को डॉ. पूनऊ नेताम एवं राजधानी के डॉक्टर किशोर जाड़िया ने इलाज कर रायपुर ले गए।



### ग्रामीणों का दावा- बीमार नजर आ रहा था तेंदुआ

गांव वालों का कहना है कि तेंदुआ बीमार था और कमजोर प्रतीत हो रहा था। उनका कहना है कि वह लंबे समय से एक ही जगह पर बैठा हुआ था और ज्यादा इधर-उधर नहीं घूम रहा था। जिससे लोगों में डर थोड़ा कम रहा। रायपुर के टीम ने तेंदुए को अपने कब्जे में लिया जिसके बाद ग्रामवासियो ने राहत महसूस की।

### सुबह 5 बजे के करीब दिखा तेंदुआ

ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ सुबह करीब 5 बजे गांव में दिखाई दिया। वह एक घर के सामने काफी देर तक बैठा रहा, जिससे आसपास के लोगों में भय का माहौल बन गया। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने घरों में ही रहने को मजबूर हो गए।

## शहर के बायपास पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# 7 किलो गांजा जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार पुड़िया बनाकर शहर में बेचने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- गांजा तस्करी नेटवर्क का खुलासा, मोटरसाइकिल समेत लाखों का सामान जब्त

पुलिस ने बायपास रोड पर आज कार्रवाई करते हुए 6.837 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मिले गांजे और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर न्यायालय में पेश किया। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा और एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध गांजा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल से नारायणपुर की ओर से गांजा लेकर कोंडागांव आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एनएच–30 बायपास तिराहा, नए बस स्टैंड के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 27 बी 9652 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन चालक ने अपना नाम अमित पोटाई 24 वर्ष, निवासी बनचपाई खासपारा, थाना बेनूर बताया। तलाशी में उसके कब्जे से 6.837 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.30 लाख रुपये बताई गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।



### कार्रवाई में इन अधिकारियों की रही अहम भूमिका

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक निहार रंजन मंडल, प्रधान आरक्षक अशोक कुमार मरकाम, आरक्षक छेदीलाल नेताम, प्रभुलाल नेताम तथा साइबर सेल के हरेन्द्र कश्यप, संतोष कोडोपी, बिरजू सोडी और बलदेव सोडी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पूछताछ में सामने आया शहरीय सप्लाई का नेटवर्क

आरोपी अमित पोटाई से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि वह गांजा राजेश मंडावी के कहने पर कोंडागांव लेकर आया था। उसने बताया कि राजेश मंडावी और निहाल पाटील मिलकर शहर में गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने का काम करते हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने कथित रूप से अपराध स्वीकार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6.837 किलोग्राम गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त ग्लैमर मोटरसाइकिल जब्त की। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 1.80 लाख रुपये गांजा एवं वाहन सहित आंकी गई है।

### तीन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में अमित पोटाई 24 वर्ष, निवासी बनचपाई खासपारा, थाना बेनूर, जिला कोंडागांव। राजेश मंडावी 25 वर्ष, निवासी बेडापारा, भानपुरी, जिला कोंडागांव। निहाल पाटील 18 वर्ष, निवासी बाजारपारा, कोंडागांव। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# बुनागांव स्कूल की जानवी और नोवेंद्र ने टॉप 10 में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- केंद्रीकृत प्राथमिक बोर्ड परीक्षा टॉप 10 की सूची जारी

केंद्रीकृत प्राथमिक बोर्ड परीक्षा में जनपद प्राथमिक शाला बुनागाँव के दो होनहार विद्यार्थी जानवी कौशिक और नोवेंद्र कौशिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय टॉप–10 सूची में स्थान हासिल किया है। जानवी ने चौथा तथा नोवेंद्र ने सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षक सूरज नेताम ने बताया कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। दोनों विद्यार्थी शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विज्ञान–गणित प्रदर्शनी तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं।



### मुख्यमंत्री से संवाद कर बटोरी थी सुर्खियां

जानवी और नोवेंद्र ने राज्योत्सव प्रदर्शनी 2026 तथा सुशासन तिहार शिविर के दौरान मुख्यमंत्री से संवाद कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था और सबका ध्यान आकर्षित किया था। विद्यालय की शिक्षिका मोनिका साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसी का परिणाम है कि विद्यालय के छात्र लगातार जिला स्तरीय आयोजनों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

### 45 से अधिक विद्यार्थियों ने पाई सफलता

विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में अब तक 45 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर चुके हैं। हाल ही में जानवी कौशिक ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। जानवी और नोवेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, शिक्षकों और गुरुजनों को दिया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्राम सरपंच छबीलाल नेताम, उपसरपंच लखेश्वर नेताम, शिक्षक सूरज नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जिला अस्पताल में नि:शुल्क कैंसर जांच और परामर्श शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 18 जून को जिला अस्पताल कोण्डागांव में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कैंसर की जांच और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर की 10 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम अत्याधुनिक तकनीकों की सहायता से कैंसर की स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। महिलाओं में स्तन कैंसर की पहचान के लिए मैमोग्राफी तथा बच्चेदानी के मुंह के कैंसर की जांच के लिए पेप स्मीयर परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा अन्य आवश्यक जांच एवं परामर्श भी उपलब्ध रहेगा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का लाभ लेने तथा समय पर स्वास्थ्य जांच कराकर गंभीर बीमारियों से बचाव करने की अपील की है।

**मुख कैंसर सहित विभिन्न रोगों की होगी स्क्रीनिंग :** शिविर में ब्रश साइटोलॉजी तकनीक के माध्यम से मुख कैंसर की जांच की जाएगी। साथ ही अन्य प्रकार के कैंसरों की प्रारंभिक पहचान और विशेषज्ञ सलाह भी दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी ने बताया कि कैंसर की समय रहते पहचान होने पर उपचार की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है।

# वार्डवासियों ने नियमित पानी प्रदाय करने के लिए दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

नगरपंचायत केसकाल के अध्यक्ष के अधिकांश वार्डो मे इन दिनों जलसंकट गहराया हुआ है। सभी वार्डवासी अपने मूलभूत सुविधा, पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 के ढोढ़रापारा के निवासियों के द्वारा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर बुधवार को नगर पंचायत में पहुंचकर अध्यक्ष बिहारीलाल शोरी को अपनी समस्या को बताते हुए आवेदन दिया। वार्डवासियों ने आवेदन में दर्शाया है कि हमें कई दिनों से अनियमित रूप से पानी प्रदान हो रहा है, जिससे हमारे घरेलू कार्य करने में समस्या हो रही है। वार्डवासियों ने आवेदन में पेयजल कर 180 रुपए को कम करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पानी प्राप्त होता नहीं तो 180 बहुत ज्यादा है, इसे कम किया जाए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्डवासियों को भरोसा दिलासा दिया कि कुछ दिनों के बाद नियमित रूप से जल प्रदाय किया जायेगा। अभी गर्मी के चलते जलस्तर गिर चुका है जैसे ही वर्षा आरंभ हो जाएगी, सभी वार्डो में सामान्य रूप से पानी दिया जाएगा।



# यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल ने शंकरपुर में किया सामुदायिक पहल कार्यों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

यूनिसेफ इंडिया एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कोण्डागांव जिले के विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरपुर का भ्रमण कर मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल सुरक्षा के क्षेत्र में युवोदय कोंडानार चैंप्स द्वारा किए जा रहे सामुदायिक प्रयासों का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल में यूनिसेफ इंडिया की फील्ड सेवाओं की प्रमुख अधिकारी सोलेदाद हरैरो, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख सीमा कुमार, राज्य बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई तथा राज्य सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम विशेषज्ञ अभिषेक सिंह शामिल थे।



ग्राम शंकरपुर में आयोजित सामुदायिक बैठक में प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक बस्तरिया नृत्य एवं मांदर वादन के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान समुदाय के सदस्यों ने मानसिक स्वास्थ्य, बाल सुरक्षा तथा "आओ बात करें" अभियान के प्रभावों पर अपने अनुभव साझा किए। प्रतिनिधियों ने समुदाय की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। युवोदय कोंडानार चैंप्स के स्वयंसेवकों ने मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल सुरक्षा जागरूकता के लिए तैयार की गई प्रचार सामग्री, सामुदायिक गतिविधियों तथा अभियान की उपलब्धियों की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने एनीमिया मुक्त कोण्डागांव, टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, नशामुक्ति एवं पॉक्सो कानून संबंधी जागरूकता अभियानों के बारे में भी जानकारी साझा की। भ्रमण के पश्चात जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने सामाजिक एवं भावनात्मक समझ से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्रतिनिधिमंडल से जिले में यूनिसेफ के सहयोग से संचालित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने समुदाय आधारित इस पहल को युवाओं की सहभागिता से संचालित एक प्रभावी एवं प्रेरणादायक मॉडल बताते हुए इसकी सराहना की।

# गायत्री परिवार व साहू समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव।** बांसकोट गांव में कथित जानलेवा हमले के मामले को लेकर गायत्री परिवार और साहू समाज के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो व्यापक आंदोलन और विश्रामपुरी थाने का घेराव किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 जून की शाम ग्राम बांसकोट निवासी राजेश साहू अपने पुत्र शुभम साहू के साथ खेत में समतलीकरण कार्य कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान अशोक शार्दुल, सरस्वती शार्दुल, संतूराम शार्दुल, लाला राम शार्दुल और लोकेश शार्दुल ने कथित रूप से उन पर हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष के अनुसार, विवाद की जड़ बांसकोट स्थित गायत्री मंदिर परिसर के सीमांकन और कथित अवैध निर्माण से जुड़ी है। उनका कहना है कि मंदिर परिसर में निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद निर्माण पर रोक लगाई गई। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर उक्त हमला किया गया। हमले में घायल राजेश साहू के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।



# धूमधाम से मना जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम मसोरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर तथा नई पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश प्रदान कर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासित जीवन अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सुंदर हस्तलेखन के लिए भी नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम में गांव के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही छात्रओं द्वारा तैयार विभिन्न प्रोजेक्ट एवं मॉडल का अवलोकन कर अतिथियों ने उनकी सराहना की।



### जनप्रतिनिधि, अधिकारी और अभिभावक रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान, वितरित किए प्रोत्साहन राशि के चेक



हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

एसजीएफआई स्कूल सॉफ्टबॉल नेशनल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले बीजापुर जिले के खिलाड़ियों का कलेक्टर विश्वदीप द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। ज्ञात हो कि एसजीएफआई स्कूल सॉफ्टबॉल नेशनल गेम्स में प्रदेश की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए थे। इन टीमों में शामिल बीजापुर के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य निषाद को 21000, रजत पदक विजेता राकेश कड़ती को 15000 तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों रुक्मणी, पूजा कोरसा, संतोषी, स्मिता और लक्ष्मी को 10000-10,000 की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि ऐसे खिलाड़ी जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिले के श्रम निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच सोपान कर्णेवार भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों एवं उनके परिजनों ने इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कच्चे मकान से पक्के घर तक का सफर बना सम्मान और सुरक्षा की नई पहचान

# प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली संग्राम नरेटी की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बारिश, आंधी और अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों की अब चिंता नहीं

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 10 निवासी संग्राम नरेटी का वर्षों पुराना पक्के घर का सपना साकार हुआ है। योजना से मिले आवास ने उनके परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन का नया आधार प्रदान किया है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले संग्राम नरेटी लंबे समय तक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर थे। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने और अन्य परेशानियों के कारण परिवार को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की जानकारी मिलने पर उन्होंने नगर पंचायत फरसगांव में आवेदन किया। पात्रता के आधार पर चयन होने के बाद उन्हें आवास निर्माण के लिए किस्तों में आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने अपना पक्का मकान तैयार किया। नए पक्के घर में रहने से परिवार को सुरक्षा और सुविधा मिली है। अब उन्हें बारिश, आंधी और अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों की चिंता नहीं रहती। बेहतर आवास मिलने से परिवार के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। संग्राम नरेटी का कहना है कि यह मकान केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि उनके परिवार के लिए सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। पक्का घर मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और जीवन में नई उम्मीद जगी है।



### शासन के प्रति जताया आभार

संग्राम नरेटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जनकल्याणकारी योजना ने उनके परिवार के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से जिले के अनेक जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास की सुविधा मिल रही है, जिससे उनका जीवन अधिक सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### लिपिक के आगे बेबस हुई सरकार : तुलिका

**दंतेवाड़ा।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 लिपिक संतोष झा के स्थानांतरण मामले को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार सुशासन और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन दंतेवाड़ा में एक कर्मचारी के मामले में सरकार की मंशा और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों सवालों के घेरे में हैं। तुलिका कर्मा ने जारी बयान में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ लिपिक संतोष झा पिछले लगभग छह वर्षों से दंतेवाड़ा जिले में पदस्थ हैं। लंबे समय से एक ही जिले में जमे रहने के बावजूद उन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग में कार्यकाल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद उनका स्थानांतरण किया गया था, लेकिन अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच का इस्तेमाल कर उन्होंने वह आदेश रुकवा लिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद मुख्यमंत्री के अनुमोदन से दोबारा स्थानांतरण आदेश जारी किया गया। सामान्य तौर पर मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद जारी आदेशों को अंतिम माना जाता है और उनका पालन सुनिश्चित किया जाता है, लेकिन इस मामले में अब तक स्थानांतरण लागू नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।

### डीजल की किल्लत से किसानों को परेशानी

**दोरनापाल।** सुकमा जिले में डीजल की किल्लत अब किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। प्रदेश किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में डीजल की कमी से किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो इसका सीधा असर कृषि कार्यों और खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ेगा।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसान खेतों की जुताई, मरम्मत और खाद डालने जैसे आवश्यक कार्यों में जुटे हुए हैं। इन सभी कार्यों के लिए ट्रैक्टरों का संचालन जरूरी है, जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल की आवश्यकता होती है। लेकिन कई पेट्रोल पंपों में किसानों को सीमित मात्रा में डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर डिब्बों और जरीकैन में डीजल देने से भी इंकार किया जा रहा है। किसान संगठन का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसान 30 से 40 किलोमीटर दूर से ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंप तक पहुंचते हैं।

# ठेकेदार की सुस्ती से अटका अटल परिसर का निर्माण कार्य

लीलाधर राठी ⏭ सुकमा

देश विदेश में अटल जी के प्रति आस्था किसी से छिपी नहीं है। सत्तारूढ़ दल हो या विपक्ष हर कोई उनके विचारों को स्मरण करते हुए याद करता है लेकिन छत्तीसगढ़ का एकमात्र नगरपालिका सुकमा है जहां

■ अटल परिसर निर्माण में सुकमा पालिका छत्तीसगढ़ में सबसे पीछे

आज पर्यन्त तक अटल परिसर का कार्य पूर्ण नहीं हो सका जबकि अन्य निकायों में 25 दिसंबर 2025 को लोकार्पण किया जा चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अटल परिसर जैसे महत्वपूर्ण और गौरवशाली प्रकल्प में हो रही देरी नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं नगरपालिका प्रशासन की चुप्पी से यह चर्चा भी तेज हो गई है कि भिलाई के ठेकेदार किरण कंट्रक्शन पर विशेष मेहरबानी की जा रही है।



### परिसर को प्रतिमा का इंतजार

सबसे गंभीर बात यह है कि आज भी कार्य अपूर्ण होने के कारण अटल परिसर में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित नहीं की जा सकी है। देश के महान राजनेता और जननायक की स्मृति में बनाए जा रहे परिसर में उनकी प्रतिमा का नहीं लगना कई सवालों को जन्म देता है। नागरिकों का मानना है कि यह केवल निर्माण कार्य की देरी का मामला नहीं, बल्कि अटल जी के सम्मान से भी जुड़ा विषय है। नगरपालिका क्षेत्र के लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार से जवाब-तलब किया जाए तथा शीघ्र अटल परिसर को पूर्ण कर आम जनता के लिए समर्पित किया जाए।

### मंत्री से भी शिकायत

नगरीय निकाय के संयुक्त संचालक जयंत सिन्हा ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के प्रवास के दौरान सुकमा सीएमओ को निर्देश देते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए कड़ी कार्रवाई करने को कहा था लेकिन उस आदेश का भी पालन नही हुआ।

### सीएमओ करेंगे कार्रवाई

सुकमा नपा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनीत साव ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण हो जायेगा अन्यथा ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जावेगी।

### पार्षद ने लिखा मंत्री को पत्र

नपा सुकमा द्वारा अटल परिसर में निर्माण में अनावश्यक रूप से हो रहे विलंब को लेकर वार्ड क्रं. 13 की पार्षद कांता राठी ने सुकमा प्रवास के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर त्वरीत कार्रवाई करने का आग्रह किया था। उस दौरान नगरीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### भावनाओं का हो सम्मान

महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने कहा कि विश्वास है कि शासन और प्रशासन के संवेदनशील प्रयासों से जिले में भी प्रतिमा स्थापित करने जो कठिनाइयां आ रही हैं उसे दूर करते हुए शीघ्र ही अटल जी की प्रतिमा स्थापित करने की दिशा में सकारात्मक पहल होनी चाहिए जिससे जिलेवासियों की लंबे समय से चली आ रही भावना को सम्मान मिल सकेगा।



## शिक्षा की अलख जगाने वाले 'अग्रदूत' शिवमणि सम्मानित

# 36 वर्षों की साधना को मंच ने किया सलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

शिक्षाविद् व समाजसेवी शिवमणि तिवारी का एक भव्य समारोह में अभिनंदन किया गया। हरिभूमि-आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप और विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप

■ चुनौतियों को मात देकर 36 वर्षों तक की सेवा

उपस्थित थे।

इस पल के साक्षी बनने के लिए सुकमा जिले सहित पूरे बस्तर संभाग के कई जनप्रतिनिधि, जिले के कलेक्टर अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह और भारी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। मंच से सभी प्रशासनिक अधिकारियों और अतिथियों ने बस्तर के बच्चों का भविष्य बदलने वाले इस 'भगीरथ' के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। तीन दशक पहले जब तिवारी ने बस्तर की धरती पर कदम रखा था, तब राहें आसान नहीं थीं। वह




नक्सलवाद का साया और घोर अंधियारे का दौर था। तमाम कोशिशों के बाद भी बच्चे स्कूल की चौखट तक नहीं आते थे। लेकिन तिवारी के चट्टानी इरादों के आगे चुनौतियां टिक नहीं सकीं। उन्होंने माता रुक्मणि सेवा संस्थान के माध्यम से सेवा का जो व्रत लिया, उसे अपने जीवन के 36 वर्षों तक अटूट निष्ठा के साथ निभाया।

### खेल के मैदान तक लहराया परचम

बताया जाता है कि शिवमणि तिवारी ने बच्चों को सिर्फ अक्षर ज्ञान नहीं दिया, बल्कि बस्तर के आदिवासियों को सपने देखना और जीना सिखाया। उनके अथक प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रशासनिक सेवा में बस्तर के लाल उनके द्वारा तराशे गए हजारों आदिवासी बच्चे आज शासन-प्रशासन के उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा कर रहे हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिवमणि तिवारी बच्चों को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि खेल के मैदान में भी उतारा। आज बस्तर के ये होनहार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अंचल का नाम रोशन कर रहे हैं।

# सीआरपीएफ के जवानों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

217 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सामाजिक सरोकार एवं मानवता की सेवा के उद्देश्य से विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन किया जाता रहा है।

इसी श्रृंखला में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर राजेश पांडे उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा के नेतृत्व में तथा विजय शंकर कमांडेन्ट 217 बटालियन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके टोपो 50 बटालियन की उपस्थिति में वाहिनी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी व जवानों ने रक्तदान के महत्वता की शपथ ली तथा उप महानिरीक्षक ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा की रक्तदान एक महान एवं पुण्य का कार्य है। जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान मिल सकता है।

उन्होंने सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों की सराहना करते हुए कहा कि सीआरपीएफ न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए समर्पित है, बल्कि समाज सेवा एवं मानवता की भलाई के कार्यों में भी हमेशा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं।



रक्तदान शिविर के दौरान अरविंद पी. आनंद द्वि. कमा.अधि. रेंज कोटा, दिनेश कुमार, द्वि.कमा.अधि. 212 बटा.वीरेंद्र कुमार, द्वि.कमा.अधि. नीर सिंह मीणा, द्वि.कमा.अधि., 217 बटा. गौरव शर्मा उप. कमा. 212 बटा. पट्टी चैतन्य, सहा. कमा. 217 बटा. एम.ओ. डॉ. अंजना झाझरा, 50 बटा०, एम.ओ.डॉ. रागहुल, 218 बटा. की उपस्थिति में 212 बटा. 217 बटा 218 बटा, 219 बटा. एवं 228 बटा. के 50 जवानों नें रेडकास भद्राचलम के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान किया। चिकित्सा टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सुरक्षित रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। रक्त संग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित एवं स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप संपन्न करवाई गई ।

# 86 लंबित मामलों का किया गया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़े बचेली

भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 15 जून को कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली के सभा कक्ष में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के पथ विक्रेताओं, शहरी गरीबों तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित करना था।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस मेले के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए लंबे समय से लंबित पड़े 86 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके साथ ही योजना का लाभ उठाने के लिए 8 नवीन हितग्राहियों से नए आवेदन प्राप्त किए गए, जिनके यथाशीघ्र निराकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डिजिटल



सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए, कुल 5 हितग्राहियों द्वारा क्रेडिट कार्ड हेतु भी आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं जिससे उनके व्यवसायों को डिजिटल माध्यमों से मजबूती मिलेगी। इस महोत्सव में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी एवं अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव, क्षेत्र के सभी बैंक शाखा प्रबंधक, नगर के गणमान्य नागरिक और नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

# जनचौपाल में योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने 12 साल बेमिसाल अभियान के अंतर्गत दरभा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने ग्राम पंचायत डिलमिली, पखनार, मामड़पाल एवं चितापुर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,



हर घर जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना, डिजिटल इंडिया, गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी अनेक योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों के परिणामस्वरूप आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा एवं आदिवासी समाज के उत्थान के लिए केंद्र सरकार ने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ देश के करोड़ों नागरिकों को प्राप्त हुआ है। बस्तर अंचल सहित पूरे छत्तीसगढ़ में भी केंद्र सरकार की योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव भी साझा किए गए। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

# जिले को मिली 18 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

वन तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने जिले को 18 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 14वें चरण का शुभारंभ करते हुए 16 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक लागत के साथ विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 2 करोड़ 9 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

■ मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 14वें चरण का शुभारंभ

भूमिपूजन किए गए कार्यों में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत भैरमगढ़ ब्लॉक के मिरतुर एवं बेदरे में अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए 51-51 लाख रुपये की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण, उसूर में 59 लाख की लागत से वरिष्ठ कृषि अधिकारी भवन निर्माण, आवापल्ली एवं कुटरू में शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 4.65-4.65 करोड़ रुपये, शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 1.30 करोड़ रुपये तथा दुगईगुड़ा से चिंताकोंटा तक पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य के लिए 4.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है। लोकार्पित कार्यों में जिला अस्पताल परिसर में 48.17 लाख रुपये की लागत से रैन बसेरा, 21 लाख रुपये का दाल-भात सेंटर, अटल आरोग्य लैब जिसमें प्राईवेट अस्पताल जैसे अत्याधुनिक जांच कुल 134 प्रकार के हो सकेंगे। कार्यालय सह गोदाम निर्माण, विद्यालय भवन निर्माण, पंचायत भवन, पुलिया निर्माण तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में तार फेंसिंग जैसे कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की स्वामित्व योजना के तहत वनाधिकार पट्टों का वितरण किया गया। वहीं निष्क्षय योजना के अंतर्गत पोषण आहार फूड बॉक्स, पुनर्वासित परिवारों को आयुष्मान कार्ड, गर्भवती महिलाओं को जच्चा-बच्चा कार्ड तथा दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केदार कश्यप ने कहा कि एक समय था जब बीजापुर जैसे क्षेत्रों में आने-जाने में भय का माहौल रहता था और विकास कार्यों को आगे बढ़ाना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं और क्षेत्र में विकास की नई धारा बह रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई है और आज बस्तर संभाग सहित बीजापुर जिला नक्सलमुक्त हुआ।

# आधुनिक पैथोलॉजिकल जांच और दवाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल/दंतेवाड़ा

ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुलभ बनाने और बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराते आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया एएम/एनएस इंडिया किरंदुल द्वारा ग्रापं फुलपाड़ में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया।

कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत शिविर में ग्रामीणों ने भारी उत्साह दिखाया, जहां अनुभवी चिकित्सा टीम ने 64 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना था। शिविर में 55 मरीजों का गहन उपचार किया गया और उन्हें आवश्यक निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। स्वास्थ्य जांच के दायरे को विस्तृत करते हुए आधुनिक पैथोलॉजिकल सुविधाओं का भी लाभ दिया गया, जिसके अंतर्गत 35 ग्रामीणों के रक्त के नमूने लेकर उनकी बीपी, शुगर और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की जांच मौके पर ही की गई। रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को उचित खान-पान और जीवनशैली के संबंध में डॉक्टरी सलाह भी दी गई।

इस स्वास्थ्य अभियान को



सफल बनाने में पंचायत, प्रशासन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। ग्राम फुलपाड़ के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और समर्पित मितानिनों ने न केवल ग्रामीणों को शिविर तक लाने में मदद की, बल्कि स्वास्थ्य टीम के साथ समन्वय कर पूरी व्यवस्था का संचालन सुचारू बनाया। सरपंच ने कंपनी के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पहुंचविहीन क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर न केवल बीमारियों की पहचान करने में मददगार हैं, बल्कि इससे ग्रामीणों के आर्थिक बोझ में भी कमी आती है। एएम/एनएस इंडिया किरंदुल प्रबंधन ने कहा कि कंपनी स्थानीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और विशेषकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में दंतेवाड़ा जिले के अन्य दूरस्थ पंचायतों में भी इसी तरह के स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी ताकि कोई भी ग्रामीण बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे।

# भव्या वाटिका की ओपनिंग 21 जून को

## बिजनेस साइट

**जगदलपुर।** शहर के विश्वसनीय कॉलोनाइजर निलिमा बिल्डर्स के सेल्स एवं मार्केटिंग में प्रोपराइटर धनेश्वर पांडेय एवं विजय पांडेय के द्वारा नए प्रोजेक्ट भव्या वाटिका का शानदार ओपनिंग 21 जून को होगा, साथ ही बुकिंग भी होगा। इस संबंध में बताया गया कि रेरा में रजिस्टर्ड इस प्रोजेक्ट में कई सुविधाएं और विशेषताएं है। जिनमें टाउन एवं

■ रेरा में रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट की बुकिंग और बैंक से फाइनेंस की सुविधा




कंट्री प्लानिंग में एप्रुव्ड लेआउट, आर्कषक प्रवेश द्वार, पूरे कॉलोनी में चारदिवारी, सुनियोजित शानदार गार्डन, कांक्रिट सड़कें, सुविधायुक्त आरसीसी ड्रेनेज सिस्टम, विस्तृत चौड़ाईयुक्त प्रवेश रोड, कलात्मक स्ट्रीट लाइटें, सुरक्षित विद्युतिकरण, शांतिमय पर्यावरण, प्रत्येक प्लॉटस में अलग अलग पानी सप्लाई, हमेशा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे की पूर्ण व्यवस्था इस प्रोजेक्ट का आर्कषण है। प्रोपराइटर ने बताया कि लामनी पार्क के समीप ग्राम लामनी में भव्या वाटिका कॉलोनी बनेगी। जिसमें छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक से वित्तीय सेवा मिलेगी। अपने पूर्व प्रोजेक्ट की तरह इस प्रोजेक्ट को भी हर दृष्टि से रहने वालों के लिए सर्वसुविधायुक्त, सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण से शानदार बनाने का प्रयास किया गया है।

### कांकेर और नरहरपुर आदिवासी क्रीड़ा परिसर प्रवेश की चयन परीक्षा 22 से

**कांकेर।** जिले के शासकीय आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर तथा शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसके लिए योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा आदिवासी छात्र-छात्राओं का चयन 10 बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा 22 जून तथा अंतिम चयन 27 जून 2026 को प्रातः 9 बजे से परिसर के खेल मैदान में आयोजित होगा। वहीं बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा 24 जून तथा अंतिम चयन 01 जुलाई 2026 को प्रातः 9 बजे से खेल मैदान में किया जाएगा। अर्हता के संबंध में बताया गया कि इसमें प्रवेश हेतु कक्षा 6वीं के लिए आयु 11 से 12 वर्ष, कक्षा 7वीं के लिए 12 से 13 वर्ष, कक्षा 8वीं के लिए 13 से 14 वर्ष तथा कक्षा 9वीं के लिए 14 से 15 वर्ष निर्धारित की गई है।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हितेंद्र खटवानी पिता-बर्मा लाल खटवानी (HITENDRA KHATWANI S/O BARMA LAL KHATWANI), निवासी- 109, आदर्श नगर कांकेर, तहसील- कांकेर, जिला- उ.ब.कांकेर (छ.ग.) 494334 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम हितेंद्र कुमार खटवानी पिता-बर्मा लाल खटवानी (HITENDRA KUMAR KHATWANI S/O BARMA LAL KHATWANI) रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम हितेंद्र कुमार खटवानी पिता-बर्मा लाल खटवानी (HITENDRA KUMAR KHATWANI S/O BARMA LAL KHATWANI) से ही जाना पहचाना जावे।

हितेंद्र कुमार खटवानी (HITENDRA KUMAR KHATWANI)
पता-109, आदर्श नगर कांकेर,तहसील-कांकेर, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
📍 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 📞 9826446666
📍 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 📞 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बिजली, पेट्रोल-डीजल की महंगाई पर कांग्रेस ने सीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने संयुक्त रूप से राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, बिजली दरों में भारी वृद्धि तथा महंगाई और डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार को घेरा। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर सरकार से मांग की गई कि प्रदेश में बढ़ाई गई बिजली दरों को तत्काल वापस लिया जाए तथा घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए।इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का बोझ सीधे गरीब, मध्यम वर्ग, मजदूर, व्यापारी और किसानों पर डाला जा रहा है। एक ओर महंगाई लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि कर जनता की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही बढ़ती कृषि लागत, उर्वरकों की कीमतों और प्राकृतिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि करना पूरी तरह किसान विरोधी फैसला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है। कृषि कार्यों के महत्वपूर्ण समय में डीजल और पेट्रोल की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित नहीं होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे खेती और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।कांग्रेस कमेटी कांकेर अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह असफल रही है और बिजली दरों में वृद्धि कर आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों और आम जनता के हितों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी और जनविरोधी फैसलों के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनता और किसानों की इन जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी व्यापक जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी।

- राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन और मूल्य वृद्धि को फौरन वापस लेने की मांग की

### जिला कांग्रेस कमेटी की मांगें रखी

प्रदेश में बढ़ाई गई बिजली दरों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत प्रदान की जाए।किसानों को कृषि कार्य हेतु पर्याप्त मात्रा में डीजल एवं पेट्रोल की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।महंगाई से प्रभावित आम जनता एवं किसानों के लिए विशेष आर्थिक सहायता एवं जनहितकारी योजनाएं लागू की जाएं।किसानों की कृषि लागत कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

बिजली विभाग घेराव कार्यक्रम में विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मनोज मांडवी, पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा,प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्यप, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, नवली मीना मांडवी, नीरा साहू, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा बंटी, हेमंत ध्रुव,रूप सिंह पोटाई, रोमनाथ जैन, तरेंद्र भंडारी, संग्राम नेताम,ब लोमेन्द यादव, हिरवेन्द्र साहू, कृष्णा टेकाम, नन्दू राठी, धनीराम ध्रुव, विजय यादव, शिवांकित श्रीवास्तव, दीपक शोरी, मकबूल खान, चंद्रलोक ठाकुर, मतीन खान, मुन्ना ठाकुर और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**कांकेर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तर पर सामूहिक योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर आबकारी श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी विकासखण्ड के नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों में सामूहिक योगाभ्यास कराने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### जहर खाकर दी युवती ने जान

**कांकेर।** सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के लिए छोटेबेठिया थानांतर्गत 17 वर्षीय रेशमा पद्मा पिता बाजू पद्पा ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिक ने 16 जून को जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में उसके परिजन लेकर आए थे, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रयास विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाकर परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट पर जारी किया गया है, जिसमें विद्यार्थी अपना रोल नबर एवं मोबाइल नंबर प्रविष्ट कर प्राप्तांक देख सकते हैं। काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को विभागीय वेबसाइट का अवलोकन करते रहने के लिए कहा गया है। इसके लिए सूचना पृथक से अपलोड की जाएगी।

### शौर्य चक्र सम्मानित पुलिस निरीक्षक का कापसी में स्वागत, युवाओं ने ली प्रेरणा

**पखांजुर।** देश के प्रतिष्ठित वीरता पुरस्कार शौर्य चक्र से सम्मानित थाना निरीक्षक लक्ष्मण केवट के कापसी आगमन पर क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों द्वारा उनका जोरदार एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा उनसे मिलने पहुंचे और उनके साहस, समर्पण तथा कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक लक्ष्मण केवट ने नक्सल विरोधी अभियानों में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में धैर्य, अनुशासन और टीम भावना ही सफलता की कुंजी होती है। उन्होंने युवाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। युवाओं ने उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की और उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा सेवा काल के अनुभवों को करीब से जाना। उपस्थित युवाओं ने कहा कि लक्ष्मण केवट की उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और उनकी वीरता तथा देशसेवा की भावना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान युवाओं ने उनका पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि शौर्य चक्र जैसे सर्वोच्च वीरता सम्मानों में से एक से सम्मानित होकर लक्ष्मण केवट ने क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।



### भगतसिंह प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव

**जगदलपुर।** शहर के भगतसिंह प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। वार्ड के पार्षद राणा घोष द्वारा बच्चों को गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण एवं तिलक लाकर बच्चों का स्वागत किया गया। साथ ही प्रतिदिन स्कूल आने एवं स्वच्छता के विषय में समझाया गया।

## खबर मिलते ही तीसरे भाई ने ग्रामीणों के साथ कोरर थाने में की शिकायत

# जमीन विवाद पर सगे भाइयों ने लाठियां भांजी और मिर्ची पाउडर से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोकानपुर में 16 जून को जमीनी विवाद को लेकर सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों से मारपीट के साथ-साथ एक पक्ष पर मिर्ची पाउडर फेंकने का भी आरोप लगा है। घटना में घायल पति-पत्नी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से उनको हायर सेंटर रिफर किया गया।

धमतरी में इलाज करवा रहे पति व पत्नी की तरफ से घटना की जानकारी पुलिस को उसी समय नहीं दे पाएं, वहीं पिटाई करने वाले भाई एवं उनके परिजन थाना पहुँचकर रिपोर्ट लिखवा दिया। यह खबर मिलते ही तीसरे भाई ओमप्रकाश राजपूत गांव वालों के साथ कोरर थाना पहुँचे और लिखित में शिकायत दिया। उसने पुलिस को बताया कि मैं 16 जून की सुबह योगा करने मंडी तरफ जा रहा था। मंडी के पास मेरा भाई राकेश राजपूत अपने पुराने घर को तोड कर नया घर बनाने के लिए जेसीबी से काम करवा रहा था और उसी दिन सुबह लगभग साढ़े 6 बजे मेरा दूसरा भाई तदबीर राजपूत अपने बेटे सुशांत राजपूत और पत्नी अर्चना राजपूत के साथ आया, साथ में दो डण्डा रखा था और उनकी पत्नी पैकेट में मिर्ची पाउडर रखी थी।

तीनों एक राय होकर राकेश एवं उसकी पत्नी गोमती राजपूत को गालिया देते हुए कहा कि आज तुम्हे जान से मार डालेंगे और मिर्ची का पाउडर उनके ऊपर छिड़कते हुए डण्डा से मारना शुरू कर दिए। घटना को देख कर मैं तुरंत पास में रहने वाले परमेशवर पाण्डे , अशोक बघेल एवं अन्य लोग बीच बचाव किए। डण्डा से मारपीट किए जाने पर राकेश के बाएं हाथ, सिर एवं पैर में गंभीर चोट आाई है और उसकी पत्नी के कमर और दाहिना हाथ में गंभीर चोट आई है। दोनो घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, परंतु चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।





### दूसरे भाइयों ने काउंटर केस दर्ज कराया

थाना कोरर में शिकायत करने पहुंचे 63 वर्षीय पीड़ित तदबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7 बजे जब वे अपने खेत की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने देखा कि उनके भाई राकेश सिंह और उनकी पत्नी गोमती विवादित जमीन पर जेसीबी से खुदाई करवाकर मकान निर्माण के लिए सामग्री गिरवा रहे थे। मैंने उन्हें विवादित जमीन पर काम करने से रोका, तो राकेश और उसकी पत्नी गोमती ने गाली-गलौज करते हुए मुझ पर डंडे से हमला कर दिया। उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए मेरा गला दबाने का प्रयास किया, जिससे मेरे हाथ, पैर और पीठ में चोटें आई हैं। बाद में जब मेरी पत्नी और बेटा सुशांत इस संबंध में बात करने गए, तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस ने इनकी शिकायत पर भी मामला दर्ज कर लिया है।

## सोलर पंप खराब होने से गुटाकछार में 3 दिनों से पेयजल संकट, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा



विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम गुटाकछार में पिछले तीन दिनों से सोलर पम्प खराब होने के कारण ग्रामीणों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। सोलर पम्प बंद होने से गांव में संचालित नल-जल योजना पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिसके चलते घरों तक पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में पिछले एक वर्ष से नल-जल योजना के माध्यम से नियमित रूप से घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा था, जिससे लोगों को काफी राहत मिली थी। लेकिन सोलर पम्प के बार-बार खराब होने की समस्या के कारण योजना का संचालन प्रभावित होता रहता है।इस बार भी पम्प खराब होने के बाद तीन दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह बंद है, जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। ग्रामीण सियाबती, रामबती, धनबती, असमोतीन, बिंदा, सुखिया बाई, रेमोतीन, इंद्रा, अनीता, सुकेश एवं रामलाल ने बताया कि सोलर पम्प खराब होने की सूचना कई बार क्रेडा विभाग को दी गई है, लेकिन विभाग के कर्मचारी न तो समय पर गांव पहुंच रहे हैं और न ही फोन कॉल का जवाब दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिसके कारण समस्या लंबे समय तक बनी रहती है।

जलापूर्ति बंद होने से गांव के लोगों को दूर स्थित हैंडपंपों और अन्य जल स्त्रोतों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने में लोगों का काफी समय और श्रम व्यय हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं क्रेडा विभाग से शीघ्र सोलर पम्प की मरम्मत कर नल-जल योजना को पुनः सुचारू रूप से चालू करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। गांव में बढ़ते जल संकट को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## सुरंगदोह में 7 दिनों से हैंडपंप बंद पानी के लिए भटक रहे हैं ग्रामीण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरंगदोह में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से हैंडपंप खराब पड़े होने के कारण ग्रामीणों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में पानी की समस्या ने ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।



ग्रामीणों के अनुसार गांव का मुख्य हैंडपंप पिछले आठ दिनों से बंद है, जिससे लोगों को दैनिक उपयोग के लिए दूरस्थ जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पानी लाने के लिए महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों और हैंडपंप मिस्त्री को कई बार सूचना दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित हैंडपंप मिस्त्री वर्षों से गांव में नियमित रूप से मरम्मत कार्य के लिए नहीं पहुंचा है। उनका कहना है कि मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली के प्रति ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम पंचायत की सरपंच ने भी समस्या की पुष्टि करते हुए बताया कि गांव में हैंडपंपों की मरम्मत लंबे समय से चुनौती बनी हुई है। कई बार अन्य क्षेत्रों के मिस्त्रियों अथवा निजी स्तर पर व्यवस्था कर खराब हैंडपंपों को सुधारना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा प्रभावित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इस संबंध में पीएचई विभाग भानुप्रतापपुर के एसडीओ यशवंत गुरु ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद संबंधित हैंडपंप मैकेनिक को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और खराब हैंडपंप को शीघ्र सुधारने की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल मरम्मत कर नियमित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## तालाब निर्माण कार्यों में सूचना पटल नहीं, कार्य में अनियमितता के आरोप

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कलंगपुरी के आश्रित ग्राम पुजारी पारा में मनरेगा के तहत कराए गए विभिन्न तालाब निर्माण कार्यों में अनियमितता एवं पारदर्शिता के अभाव का मामला सामने आया है। कई तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद आज तक सूचना पटल नहीं लगाया गया है, जिससे कार्य की लागत, स्वीकृत राशि एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है। भाजयुमो मिडिया प्रभारी लुकेश भुआर्या के अनुसार हललूराम पिता धनराज भुआर्य के नाम से वर्ष 2025-26 में निर्मित तालाब, निस्तारी तालाब पुजारीपारा (वर्ष 2023-24) तथा लगनूराम पिता घसीयाराम के नाम से वर्ष 2016-17 में निर्मित तालाब सहित कई कार्यस्थलों पर सूचना पटल का अभाव है। इससे हितग्राहियों को अपने कार्यों का पूरा हिसाब-किताब एवं योजना संबंधी जानकारी नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रोजगार सहायक द्वारा कार्यों के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे हितग्राहियों को उनके अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग एवं जनपद पंचायत प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सभी मनरेगा कार्यों में सूचना पटल लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कार्यस्थलों पर सूचना पटल लगाना अनिवार्य है, ताकि आमजन को योजना की वास्तविक जानकारी प्राप्त हो सके।



## सिवनी के स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला सिवनी में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सुदेश कुमार तोप्पा ने कहा कि प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में शिक्षा के नए अध्याय का शुभारंभ है। शिक्षा वह अमूल्य धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। एक शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। आज के युग में शिक्षा सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि शिक्षा ही बच्चों को अज्ञानता, गरीबी और सामाजिक कुरीतियों से बाहर निकालकर आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाती है। प्रत्येक माता-पिता का यह कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। केवल विद्यालय की जिम्मेदारी से बच्चों का भविष्य नहीं बनता, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से ही बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। आज का विद्यार्थी ही कल का शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, अधिकारी और जनप्रतिनिधि बनेगा। इसलिए अभी से अनुशासन, मेहनत और लगन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी अतिथियों ने उन्हें नियमित अध्ययन एवं अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य उषा प्रजापति, शंकर चुरेंद्र, बेदीलाल कावड़े, सुमन नुरेटी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## भाजपा नरहरपुर शक्ति केंद्र की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर दिया गया जोर



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी नरहरपुर शक्ति केंद्र की मासिक बैठक उत्साहपूर्ण एवं संगठनात्मक माहौल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी विजय कुमार मंडावी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक परिवार है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित, अनुशासित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं में निहित है। संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ को सशक्त बनाने तथा संगठन की नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता हीरा मरकाम ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत के बल पर निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने और संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। शक्ति केंद्र संयोजक मुकेश संचेती ने कहा कि शक्ति केंद्र संगठन की मूल इकाई है और सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठनात्मक गतिविधियों को सफल बनाना चाहिए।

आयोजित बैठक में राकेश शर्मा, लक्ष्मीनारायण साहू, रामेश्वर साहू, भागवत शोरी, पंचूराम साहू, श्यामलाल साहू, योगेश सोनवंशी, रेवती सिन्हा, रंगिता उईके, सुशीला सिन्हा, आसकरण ध्रुव, डेविन निषाद, राजेश नाग, रूखमणी सिन्हा, उमा सिन्हा, उत्तरा सिन्हा, उषा सिन्हा, धनेश कौशिक, हेमंत साहू, लियाकत शेख, भीमराज स्वर्ण सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने यातायात व साइबर सुरक्षा का दिया संदेश

# यातायात जागरूकता अभियान शिविर में दो सौ से अधिक लोगों को मिला लर्निंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

पुलिस-जनता संबंधों को मजबूत बनाने और सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतागढ़ पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान, ड्राइविंग लाइसेंस शिविर एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ आशीष कुमार बंछोर एवं एसडीओपी शुभम तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम को नागरिकों का व्यापक समर्थन मिला।



अंतागढ़ के सामुदायिक भवन में आयोजित दो दिवसीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के सहयोग से 200 से अधिक लोगों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर में नागरिकों को सड़क सुरक्षा, सुरक्षित वाहन संचालन तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि अंतागढ़ के अलावा पखांजूर, आमाबेड़ा, कोयलीबेड़ा तथा अन्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाया। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस दौरान विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल सुरक्षा, वित्तीय अपराधों से बचाव तथा यातायात नियमों की जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी गई। प्रशिक्षु उप निरीक्षक लता सिंह एवं प्रशिक्षु उप निरीक्षक नकुल पैकरा ने युवाओं को करियर मार्गदर्शन देते हुए पुलिस सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने तथा साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने की शपथ ली। अंतागढ़ पुलिस ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज